वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांक : विज्ञापन सं. 02/भर्ती/A.S.O./Ag.Deptt./EP-I/2020-21 दिनांक: 06.07.2020

आयोग द्वारा कृषि विभाग के लिए राजस्थान कृषि सेवा नियम, 1978 के अन्तर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी (Assistant Statistical Officer) के 11 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। पदों के वर्गवार वर्गीकरण व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

<u>शैक्षणिक योग्यताएं:-</u> (i) Post Graduate in Mathematics/Statistics or M.Sc. in Agriculture Statistics from IARS, New Delhi
(ii) Working knowledge of Hindi written in Devnagari Script and knowledge of Rajasthan Culture.

आयु सीमा	दिनांक 01.01.2021 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम।
आवेदन अवधि	दिनांक 10-07-2020 से दिनांक 10-08-2020 रात्रि 12-00 बजे तक।

आवेदन प्रक्रिया

1. उक्त पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने से पूर्व सर्वप्रथम अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देशों (Instructions for Applicants), विस्तृत विज्ञापन एवं संबंधित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से करें। तदुपरान्त ही ऑनलाइन आवेदन करें।
2. **<u>ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन संबंधी सूचना</u>:-** आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन Submit किये जाने के पश्चात् आवेदक को SMS के जरिए सूचना भेजी जायेगी जिसमें विसंगति होने पर अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन की अवधि के दौरान एवं आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम दिनांक के पश्चात् 10 दिवस के भीतर त्रुटि संबंधी संशोधन कर सकता है। इसी तरह प्रथम चरण की परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् आवेदक को ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन हेतु 10 दिन का एक अतिरिक्त अवसर दिया जायेगा जिसके अन्तर्गत विषय/ पद, नाम, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, परीक्षा केन्द्र के अलावा अन्य संशोधन कर सकता है। इस संबंध में आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन एवं दिये गये दिशा-निर्देशों का अवलोकन कर सकता है।
3. ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थियों को आयोग के ऑनलाईन पोर्टल **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध Apply online link को Click कर अथवा S.S.O. पोर्टल **https://sso.rajasthan.gov.in** से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal का चयन करना होगा।
4. Recruitment Portal पर आधार आधारित One Time Registration (OTR) भी कर अभ्यर्थी परीक्षा हेतु आवेदन कर सकता है।
5. अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरने के पश्चात Recuritment Portal पर उपलब्ध भुगतान सुविधा से **परीक्षा शुल्क का भुगतान कर आवेदन पत्र क्रमांक (Application ID) जनरेट करना होगा।**
6. **आवेदक को ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् आवेदन-पत्र क्रमांक (Application I.D.) आवश्यक रूप से प्राप्त होगा और यदि आवेदन-पत्र क्रमांक अंकित या प्राप्त नहीं हुआ है, तो इसका अर्थ यह है कि उसका आवेदन-पत्र जमा नहीं हुआ है। आवेदन पत्र के Preview को आवेदन Submit नहीं माना जायेगा।**
7. राजस्थान राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की क्रिमीलेयर श्रेणी के आवेदक तथा राजस्थान राज्य से भिन्न राज्यों की अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्गों (Creamy Layer and Non-Creamy Layer)/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदक सामान्य वर्ग के अन्तर्गत आते हैं। अतः ऐसे आवेदकों को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान करते हुए सामान्य वर्ग के अंतर्गत ही आवेदन करना होगा।
8. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने के पश्चात् आवेदन पत्र व परीक्षा शुल्क रसीद की हार्ड कॉपी का प्रिन्ट आवश्यक रूप से निकाल लेवें।

अन्य बिन्दु व सूचनाः- परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध **नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश** तथा **संबंधित सेवा नियमों** का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लेवें। इसके अतिरिक्त इस परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाइट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/ सूचना/ स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं. 0145-2635212 एवं 2635200 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

(आशीष गुप्ता)
सचिव

DIPR/C/5066/2020

Scanned with CamScanner